दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

**Dr. Ishwar Bohra**
Joint Replacement and Arthroscopy

# आधुनिक तकनीक ने बदली घुटना बदलने की सर्जरी की तस्वीर, डे-केयर नी रिप्लेसमेंट से बदला इलाज का तरीका

**सवेरा न्यूज-कास.**

नई दिल्ली, 2 अगस्त: घुटनों का दर्द आज केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रह गया है। बढ़ती उम्र, मोटापा, चोट, मोटापा और बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र के लोग भी घुटनों का गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। पहले घुटना बदलने की सर्जरी का नाम सुनते ही मरीज कई दिनों तक अस्युविधा में रहते, लंवे समय तक अस्पताल में भर्ती करने लगते थे। लेंकिन आधुनिक चिकित्सा तकनीकों ने इस सोच को पूरी तरह बदल दिया है।

जी एम एस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली के नी एवं हिप रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. ईश्वर बोहरा के अनुसार, आधुनिक डे-केयर नी रिप्लेसमेंट सर्जरी ने मरीजों के इलाज को पहले की तुलना में कहीं अधिक सुरक्षित, तेज और आरामदायक बना दिया है। अब सही मरीजों में सर्जरी के कुछ ही घंटों बाद चलना-फिरना शुरू कराया जा सकता है और कई मामलों में उसी दिन या अगले दिन घर भेजा जा सकता है। डॉ. बोहरा बताते हैं कि नई तकनीकें, बेहतर एनेस्थीसिया, छोटे चीरे, कम रक्तस्राव और आधुनिक दर्द नियंत्रण व्यवस्था की वजह से मरीज जल्दी स्वस्थ होते हैं। इससे अस्यताल में लंबे समय तक भर्ती रहने की आवश्यकता कम हो जाती है और संक्रमण का खतरा भी घटता है।

हालांकि हर मरीज डे-केयर सर्जरी के लिए उपयुक्त नहीं होता। इसके लिए मरीज की उम्र, स्वास्थ्य, अन्य बीमारियॉं, हड्ड्र और पेशियों की स्थिति तथा घर पर देखभाल की सुविधा का पहले से विस्तृत मूल्यांकन किया जाता है। सभी जांच सामान्य होने पर ही मरीज को डे-केयर प्रक्रिया के लिए चुना जाता है।

डॉ. ईश्वर बोहरा का कहना है कि घुटनों के दर्द को लंबे समय तक नजरअंदाज करना उचित नहीं है। यदि दवाइयॉं, फिजियोथेरेपी और अन्य उपचारों से राहत नहीं मिल रही है और दर्द के कारण रोजमर्रा के काम, चलना-फिरना या सीढ़ियॉं चढ़ना मुश्किल हो गया है, तो विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। सही समय पर की गई सर्जरी मरीज को दोबारा सक्रिय और दर्द-मुक्त जीवन जीने में मदद कर सकती है।

वे यह भी सलाह देते हैं कि सर्जरी के बाद, डॉक्टर द्वारा बताई गई फिजियोथेरेपी, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और वजन नियंत्रण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इससे नया घुटना लंबे समय तक बेहतर तरीके से कार्य करता है और मरीज जल्दी सामान्य जीवन में लौट सकता है।

**Dr. Ishwar Bohra**
Senior Director & Senior Joint Replacement Surgeon
BLK-Max Super Speciality Hospital
New Delhi

